**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *165**
**(11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थी

*165. डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत केंद्र सरकार के लाभार्थियों की वर्षवार/राज्यवार कुल संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली राशि बढ़ाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) इस योजना के तहत 2019 से हटाए गए लाभार्थियों की संख्या वर्षवार/राज्यवार कितनी है और उसके क्या कारण हैं;
(घ) वर्ष 2020 से आधार के साथ जुड़े ना होने के परिणामस्वरूप बैंक खातों को रद्द या फ्रीज किए जाने के कारण हटाए गए इस योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) भारत सरकार के यूडीआईडी पोर्टल पर दिव्यांगता प्रमाणपत्रों को अनिवार्य रूप से अपलोड करने के आदेश के बाद दिव्यांगता पेंशन को रद्द किए जाने या रोके जाने का माहवार/राज्यवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) के तहत वर्ष 2019 से लाभार्थियों की कुल संख्या, वर्ष-वार और राज्य-वार डिजिटल रूप से पंजीकृत लाभार्थियों या राज्य की सीमा के आधार पर, जो भी कम हो, **अनुबंध**-I में दी गई है।

(ख) 15वें वित्त आयोग (वर्ष 2021-26) की अवधि के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) योजनाओं को जारी रखने पर विचार करते समय, योजनाओं के तहत लाभार्थी कवरेज और सहायता दर में संशोधन पर सरकार द्वारा विचार किया गया। हालांकि, उपलब्ध वित्तीय स्थिति पर विचार करते हुए सरकार ने एनएसएपी योजनाओं को उनके वर्तमान स्वरूप में जारी रखने का अनुमोदन दिया है। वर्तमान में, एनएसएपी के अंतर्गत कवरेज/सहायता की दर को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) लाभार्थियों को विभिन्न कारणों से डाटा-बेस से हटा दिया जाता है, जैसे लाभार्थी का निधन, डुप्लिकेट रिकॉर्ड, पलायन, पात्रता मानदंडों को पूरा न करना, अमान्य बैंक/डाकघर खाता, लाभार्थियों के निधन के कारण पीएफएमएस (सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से बैंक द्वारा स्वतः रोक लगाना आदि। एनएसएपी-पेंशन भुगतान प्रणाली (एनएसएपी-पीपीएस) के अनुसार, वर्ष 2019 से हटाए गए आईजीएनडीपीएस लाभार्थियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को लाभार्थियों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक योजना बनानी चाहिए, ताकि वे सक्रिय पहुंच के माध्यम से आधार संख्या प्राप्त कर सकें। इसके बाद बैंक/डाकघर खातों में आधार संख्या जोड़ी जानी चाहिए। यह राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की ज़िम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करें कि कोई भी लाभार्थी केवल इसलिए अपने अधिकारों से वंचित न हो क्योंकि उसके पास बैंक/डाकघर खाता और/या आधार संख्या नहीं है। हालाँकि, वर्ष 2020-21 से लेकर वर्तमान वर्ष तक अमान्य बैंक/डाकघर खातों के कारण हटाए गए लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-III** में दी गई है।

(ड.) एनएसएपी दिशानिर्देश के अनुसार आईजीएनडीपीएस के तहत पेंशन स्वीकृत करने के लिए यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) पोर्टल पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य नहीं है।

**अनुबंध-I**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईजीएनडीपीएस के तहत लाभार्थियों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24413 | 24413 | 24413 | 24413 | 24412 | 24412 |
| 2 | बिहार | 120562 | 120562 | 126156 | 126156 | 127100 | 127100 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 31245 | 32017 | 31953 | 31985 | 32085 | 32085 |
| 4 | गोवा | 41 | 41 | 466 | 466 | 466 | 466 |
| 5 | गुजरात | 10774 | 12370 | 20557 | 20300 | 20327 | 20327 |
| 6 | हरियाणा | 11537 | 11537 | 11537 | 11537 | 16583 | 16583 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 851 | 851 | 853 | 853 | 853 | 853 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 2769 | 2426 | 2426 | 2426 | 2426 | 2077 |
| 9 | झारखंड | 24836 | 25598 | 26496 | 26516 | 26067 | 25530 |
| 10 | कर्नाटक | 43639 | 43639 | 43639 | 44825 | 44825 | 36815 |
| 11 | केरल | 29935 | 29935 | 29935 | 29935 | 66928 | 29791 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 99924 | 99924 | 99924 | 99924 | 101470 | 101470 |
| 13 | महाराष्ट्र | 7654 | 8522 | 8870 | 9106 | 9322 | 9322 |
| 14 | ओडिशा | 82182 | 86767 | 85805 | 90754 | 89433 | 89379 |
| 15 | पंजाब | 5151 | 4710 | 5656 | 5982 | 5982 | 5815 |
| 16 | राजस्थान | 28137 | 29496 | 30502 | 30513 | 23468 | 23950 |
| 17 | तमिलनाडु | 57201 | 57201 | 63261 | 63261 | 64096 | 55358 |
| 18 | तेलंगाना | 17448 | 17448 | 17448 | 17448 | 20578 | 20578 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 73213 | 73213 | 75280 | 75280 | 85773 | 85773 |
| 20 | उत्तराखंड | 2822 | 2822 | 2880 | 2880 | 2880 | 2880 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 65177 | 65802 | 61539 | 61019 | 56700 | 54610 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | 112 | 1284 | 112 | 112 | 112 | 112 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | असम | 18916 | 18916 | 18916 | 34864 | 33139 | 33226 |
| 24 | मणिपुर | 1007 | 1007 | 1007 | 1005 | 918 | 905 |
| 29 | मेघालय | 969 | 969 | 969 | 1558 | 1558 | 1558 |
| 26 | मिजोरम | 400 | 400 | 400 | 686 | 722 | 722 |
| 27 | नागालैंड | 960 | 960 | 960 | 960 | 1011 | 1011 |
| 28 | सिक्किम | 451 | 451 | 457 | 457 | 457 | 457 |
| 29 | त्रिपुरा | 1954 | 1783 | 1769 | 1856 | 2131 | 2030 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 31 | चंडीगढ़ | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 32 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 208 | 208 | 254 | 320 | 310 | 310 |
| 33 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 6321 | 6321 | 6321 | 4647 | 4601 | 4539 |
| 34 | लद्दाख | लागू नहीं | 363 | 150 | 219 | 219 | 219 |
| 35 | लक्षद्वीप | 51 | 51 | 51 | 51 | 51 | 51 |
| 36 | पुदुचेरी | 1259 | 1259 | 1259 | 1259 | 1271 | 1271 |
| | **कुल** | **772220** | **783367** | **802323** | **823675** | **868376** | **811687** |

**अनुबंध-II**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत हटाए गए लाभार्थियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा**

| राज्य का नाम | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 | 2024-2025 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 0 | 0 | 0 | 0 | 8010 | 267 | 8277 |
| दिल्ली | 0 | 0 | 5 | 50 | 76 | 49 | 180 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 54 | 54 |
| राजस्थान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3336 | 3336 |
| मणिपुर | 366 | 282 | 0 | 174 | 30 | 26 | 878 |
| पश्चिम बंगाल | 1903 | 17562 | 1673 | 5054 | 3173 | 1543 | 30908 |
| मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 198 | 0 | 0 | 0 | 0 | 198 |
| गुजरात | 274 | 746 | 5592 | 740 | 698 | 644 | 8694 |
| बिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 396 | 0 | 396 |
| चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| त्रिपुरा | 648 | 92 | 356 | 348 | 462 | 118 | 2024 |
| झारखंड | 651 | 628 | 605 | 584 | 640 | 229 | 3337 |
| असम | 1030 | 1706 | 1342 | 3804 | 876 | 2357 | 11115 |
| पंजाब | 0 | 0 | 0 | 0 | 217 | 1 | 218 |
| जम्मू और कश्मीर | 0 | 22 | 34 | 94 | 1286 | 480 | 1916 |
| ओडिशा | 7867 | 9965 | 4915 | 1477 | 1785 | 2486 | 28495 |
| मेघालय | 486 | 122 | 68 | 76 | 140 | 68 | 960 |
| मिजोरम | 94 | 20 | 56 | 62 | 42 | 22 | 296 |
| महाराष्ट्र | 1072 | 456 | 908 | 1906 | 1020 | 292 | 5654 |
| छत्तीसगढ़ | 3914 | 1988 | 1740 | 1616 | 1410 | 1590 | 12258 |
| तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 | 0 | 11843 | 2834 | 14677 |
| सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| लक्षद्वीप | 2 | 2 | 0 | 8 | 0 | 0 | 12 |
| हरियाणा | 0 | 0 | 0 | 0 | 178 | 0 | 178 |
| उत्तर प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |

(स्रोत: एनएसएपी-पीपीएस)

**अनुबंध-III**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत लाभार्थी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**लाभार्थियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या जिनकी पेंशन अमान्य खाते होने के कारण रोक दी गई**

| **अमान्य खाते होने के कारण रोक दी गई** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य का नाम** | **2020-2021** | **2021-2022** | **2022-2023** | **2023-2024** | **2024-2025** |
| दिल्ली | 0 | 0 | 6 | 8 | 3 |
| मणिपुर | 54 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 8253 | 45 | 25 | 156 | 38 |
| दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गुजरात | 250 | 942 | 22 | 14 | 8 |
| त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 196 | 0 |
| झारखंड | 22 | 5 | 15 | 90 | 6 |
| असम | 12 | 18 | 82 | 22 | 60 |
| जम्मू और कश्मीर | 0 | 0 | 20 | 80 | 2 |
| ओडिशा | 195 | 29 | 19 | 12 | 20 |
| मेघालय | 0 | 0 | 0 | 10 | 4 |
| मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| महाराष्ट्र | 2 | 82 | 88 | 16 | 8 |
| छत्तीसगढ़ | 24 | 10 | 16 | 74 | 22 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

(स्रोत: एनएसएपी-पीपीएस)